p>

Title:

श्री बसंत कुमार पांडा (कालाहाण्डी): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देना चाहता हूँ कि मुझे बार-बार बोलने के लिए मौका मिल जाता है । मैं दो ऐस्पिरेशनल जिले से आता हूँ । एक लोक सभा क्षेत्र है, जहाँ से लाखों की संख्या में लोग काम-धंधे के अभाव के कारण पलायन करते हैं । नदियाँ का जाल बिछा हुआ हैं । अपर जोंक इरीगेशन प्रोजेक्ट 25 साल से डैम बन चुका है, पानी भी कुछ इरीगेटेड हो रहा है और कुछ इरीगेटेड हो सकता है । डैम उसी तरीके से बना है, फोरेस्ट क्लीयरेंस बाकी है । वह जल्दी क्लियर हो, मैं उसके लिए ध्यान आकर्षण करता हूँ। लोअर इन्द्रा इरीगेशन प्रोजेक्ट, जो वर्जित इरीगेशन प्रोजेक्ट्स में से एक है, उसका त्वरित निर्माण कार्य कैसे पूरा होगा और किसान को कैसे पानी मिलेगा, उसके लिए प्रयास करना ज़रूरी है । इन्द्रावती राइट कैनाल तीन साल से रिपेयर नहीं होने के कारण ठेकेदारों की लड़ाई और प्रशासन की लड़ाई में फंसा हुआ है । तीन साल से 27 हजार हेक्टेयर के किसान रबी की फसल में पानी के लिए वंचित हैं । राइट कैनाल आने वाले दिनों में कैसे रिपेयर हो, इन्द्रावती लेफ्ट कैनाल सिनापाली तक एक्सटेंशन हो सकता है । वह कैसे एक्सटेंशन हो यह देखना चाहिए । उसके साथ तेल नदी में इन्द्रावती का एक्सट्रा पानी, पूरा दस फुट पानी समुद्र में बह जाता है । तेल नदी में तीन ब्रिज के निर्माण करने का आदेश-निर्देश ओडिशा सरकार को दिया जाए । टैक्सटाइल इंडस्ट्री और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री मेरे क्षेत्र में की जाए, क्योंकि यह कृषि प्रधान जिला है, ड्रॉउट प्रोन जिला है, लोग पलायन करते हैं और सबसे पिछड़ा हुआ जिला है । कालाहांडी का नाम सुनने से सब को मालूम है कि कालाहांडी क्या है । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए इसका समाधान चाहता हूँ । धन्यवाद ।